नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय– गणित

समय : 3 घंटे **कक्षा– 10** **पूर्णांक : 70**

निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्र01– सभी खण्ड हल कीजिए। (प्रत्येक 1 अंक)

(क) $\frac{x^2-1}{(x+1)^2}$ का न्यूनतम रूप है–

(i) $\frac{x-1}{x+1}$ (ii) $\frac{x+1}{x-1}$ (iii) $\frac{(x+1)^2}{x^2-1}$ (iv) इनमें से कोई नही

(ख) $Cos1080^0$ का मान ज्ञात कीजिए–

(i) 0 (ii) –1 (iii) 1 (iv)

(ग) रेखा $3x + 4y = 10$ की ढाल होगी–

(i) $\frac{3}{4}$ (ii) $\frac{-3}{4}$ (iii) $\frac{4}{3}$ (iv) $\frac{-4}{3}$

(घ) दिए चित्र में AOB = 90^0, APB का मान ज्ञात कीजिए।



(i) 120^0 (ii) 135^0 (iii) 150^0 (iv) 165^0

(ड.) सरल रेखाएं $3x - 7y = 5$ और $7x + 3y = 5$ परस्परः

(i) समान्तर हैं (ii) लम्ब हैं (iii) सम्पाती हैं (iv) कोई नही

(च) यदि एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 4 सेमी^{2} हो, तो उस गोले का व्यास होगा–

(i) 1 सेमी (ii) 2 सेंमी (iii) 3 सेंमी (iv) 4 सेंमी

प्र02– सभी खण्ड हल कीजिए– (प्रत्येक 1अंक)

(क) A और B व्यंजकों के म0स0 तथा ल0स0 क्रमशः H और L हैं। यदि A + B = H + L, तो सिद्ध कीजिए कि $A^3 + B^3 = H^3 + L^3$.

(ख) सिद्ध कीजिएः $\frac{Sin A}{1 + cos A} = tan \frac{A}{2}$

(ग) दिए चित्र में, BCA = 35^0 और CDB = 40^0, तो ABC ज्ञात कीजिए।



(घ) यदि x और y का म0स0 H हो, तो x + y और x – y का म0स0 ज्ञात कीजिए।

प्रश्न3– सभी खण्ड हल कीजिए– (प्रत्येक 2 अंक)

(क) यदि समीकरण $lx^2 + nx + n = 0$ के मूल p : q के अनुपात में हैं, तो सिद्ध कीजिए कि: $\frac{p}{q} + \frac{q}{p} + \frac{n}{l} = 0$

(ख) माध्यिका की गणना कीजिएः

प्राप्तांक	25	26	27	32	31	30	29	28
बारम्बारता	5	9	11	6	9	12	14	15

(ग) $Sin 7\frac{1}{2}^\circ . cos 37\frac{1}{2}^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

(घ) चक्रीय समलम्ब ABCD में भुजा AB, भुजा DC के समान्तर हैं सिद्ध कीजिएः भुजा AD = भुजा BC

प्र04– सभी खण्ड हल कीजिए :– (प्रत्येक 2 अंक)

(क) रहीम ₹ 5,500 कीमत का सामान खरीदता है इस पर उसे 5% की छूट प्राप्त होती है। छूट प्राप्त करने के पश्चात यदि 5% की दर से बिक्रीकर लिया गया हो, तो ज्ञात कीजिए कि इस सामान की खरीदने के लिए कितने रूपये देने होंगें?

(ख) सिद्ध कीजिए कि एक वृत्त की समान जीवाएं केन्द्र से सम दूरस्थ होती हैं।

(ग) बिन्दु (1,1) से जाने वाली उस रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो रेखा 3x + 5y = 7 पर लम्ब है।

(घ) एक ठोस गोलाकार पिण्ड का 2 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से रंगवाने का व्यय ₹ 308 है। उसकी त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

प्र05– सभी खण्ड हल कीजिए :– (प्रत्येक 4 अंक)

(क) हल कीजिएः $2x + 7 + 3x - 18 = 7x + 1$.

(ख) सिद्ध कीजिएः $Cot A + Cot (60^0 + A) - cot (60^0 - A) = 3 cot 3 A$.

(ग) दो वृत्त एक दूसरे को बिन्दु P पर अन्तः स्पर्श करते हैं। बिन्दु P से दो छेदक रेखाएं PAB और PCD खींची जाती हैं जो वृत्तों को क्रमशः बिन्दु A, B, C और D पर काटती हैं। सिद्ध कीजिए कि AC // BD.

(घ) एक समकोण त्रिभुज का आधार 12 सेंमी और लम्ब 5 सेंमी है। इस त्रिभुज को कर्ण के परितः घुमाने से बनी आकृति का आयतन और सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

प्र06– सभी खण्ड हल कीजिए। (प्रत्येक 4 अंक)

(क) एक यात्री की सामान्य चाल में 5 किमी / घण्टा वृद्धि कर देने पर वह 300 किमी की दूरी तय करने में 2 घण्टे का समय लेती है। उसकी सामान्य चाल ज्ञात कीजिए।

(ख) निम्नलिखित बारम्बारता में माध्य 50 है। f_1 और f_2 के मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग अन्तराल	0 – 20	20 – 40	40 – 60	60 – 80	80 – 100
बारम्बारता	17	f_1	32	f_2	19

बारम्बारताओं का योग 120 है।

(ग) राम की वित्तीय वर्ष 2014–15 में आय ₹ 5,25,000 वह सामान्य भविष्य निधि में प्रति माह ₹ 6,500 जमा करता है और ₹ 15,000 वार्षिक जीवन बीमा पॉलिसी की प्रीमियम देता है। वह ₹ 35,000 के राष्ट्रीय बचत पत्र खरीदता है तथा ₹ 30,000 जवाहर लाल नेहरू स्मारक कोष में दान करता है। जो 50% कर मुक्त है। उसके द्वारा वर्ष के अन्त में दिए गये आयकर को ज्ञात करें।

आयकर में छूट– समस्त बचतों का 100% (अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000)

	कर योग्य आय	आयकर
(i)	₹ 2,00,000 तक	शून्य
(ii)	₹ 2,00,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 2,00,000 से अधिक आय का 10%
(iii)	₹ 5,00,001 से ₹ 10,00,000 तक	₹ 30,000 + 5,00,000 से अधिक राशि का 20%

अधिभार–

(i) शिक्षा उपकरः देय आयकर का 2%

(ii) माध्यमिक और उच्च शिक्षा उपकर : देय आयकर का 1%

(घ) सिद्ध कीजिए कि बिन्दुओं ($+ a^2 - b^2$, 0) से सरल रेखा $\frac{x}{a}$ cos $+ \frac{y}{b}$ sin = 1 पर डाले गये लम्बों का गुणनफल b^2 है।

प्र07– सभी खण्ड हल कीजिए। (प्रत्येक 6 अंक)

(क) एक ऊर्ध्वाधर खम्भा अपने पाद के तल से स्थित किसी बिन्दु पर कोण अन्तरित करता है तथा A मीटर लम्बा आदमी, जो खम्भे के शिखर पर खड़ा है, सड़क के उस बिन्दु पर कोण अन्तरित करता है। सिद्ध कीजिए कि खम्भे की लम्बाई है। $\frac{A sin \quad cos (\quad + \quad)}{Sin}$ मीटर है।

अथवा

(i) सिद्ध कीजिएः $tan^2 + cot^2 + 2 = sec^2 . cosec^2$.

(ii) हल कीजिएः $\frac{cos}{1 - sin} + \frac{cos}{1 + sin} = 4$

(ख) एक त्रिभुज ABC की रचना कीजिए जिसमें BC = 5.0 सेंमी, B = 90^0 और भुजा CA = 7.0 सेंमी है। इस त्रिभुज का परिवृत्त खींचिए।

अथवा

दो वृत्तों की त्रिज्याएं 2.0 सेंमी और 3.0 सेंमी हैं और उनके केन्द्रों के बीच की दूरी 7.0 सेंमी है। उनकी उभयनिष्ठ अनुस्पर्श रेखाएं खींचिए।

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय–कम्प्यूटर

समय : 3 घंटे   कक्षा–10   पूर्णांक : 70

निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्र01– सही विकल्प का चयन कीजिए – (प्रत्येक 1 अंक)

(क) टेलीफोन लाइनों में होकर डाटा को किस रूप में संचारित किया जाता है–'

(a) डिजिटल   (b) एनालॉग
(c) हाइब्रिड   (d) माइक्रो

(ख) एक बाइट बराबर होता है–

(a) 2 बिट   (b) 4 बिट
(c) 6 बिट   (d) 8 बिट

(ग) बाइनरी संख्या (11011) का दशमलव मान होगा–

(a) 11   (b) 27
(c) 36   (d) 15

(घ) हब का उपयोग निम्नलिखत में से किस प्रकार की टोपोलाजी में किया जाता है–

(a) रिंग   (b) स्टार
(c) बस   (d) इनमें से कोई नही

(ड.) लाइनक्स किसने विकसित किया है–

(a) बिल गेट्स   (b) लाइनस टारवाल्ड
(c) केन थॉम्पसन   (d) डेनिस रिची

प्र02–निम्नलिखित अतिलघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए(प्रत्येक1अंक)

(क) लॉग इन (Log in) प्रक्रिया क्या है?

(ख) X-Server किसे कहते हैं?

(ग) Kernel किसे कहते हैं?

(घ) $(1101)_2 + (11)_{10} = (?)_2$

(ड.) डेसीमल संख्या 247 को आक्टल नम्बर सिस्टम में बदलिए।

प्र03–निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक2अंक)

(क) Sign 2's Complement को उदाहरण सहित समझाइये।

(ख) माड्यूलेशन किसे कहते हैं? इसके किसी एक प्रकार का वर्णन कीजिए।

(ग) Search Engine क्या है?

(घ) बस टोपोलॉजी क्या होती है?

(ड.) Domain Name क्या है?

प्र04–निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक2अंक)

(क) String Concatenation किसे कहते हैं? प्रोग्राम सहित वर्णन कीजिए।

(ख) Sequential File किसे कहते हैं?

(ग) Co-axial cable का वर्णन कीजिए।

(घ) डि–मोर्गन की एक प्रमेय का वर्णन कीजिए।

(ड.) getch () फंक्शनों का प्रयोग किसलिए करते हैं?

प्र05– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 4 अंक)

(क) AND या OR गेट की कार्य विधि लिखिए। इनकी सत्यता सारणी भी बनाइये।

(ख) pow( ) Function को प्रोग्राम सहित वर्णन कीजिए।

(ग) प्रोटोकाल के कार्यों का वर्णन कीजिए।

प्र06– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 4 अंक)

(क) Searching का प्रोग्राम सहित वर्णन कीजिए।

(ख) VI Text editor का वर्णन कीजिए।

(ग) Insertion Sorting को प्रोग्राम सहित समझाइये।

प्र07– यूजर के द्वारा एक संख्या को इनपुट कराइये और उसकी टेबल प्रिन्ट करने का प्रोग्राम बनाइये। (8)

अथवा

One Dimensional Array को प्रोग्राम सहित समझाइये।

प्र08– लाइनक्स की किन्हीं 8 विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (8)

अथवा

दी गई संख्या Factorial मान ज्ञात करने का प्रोग्राम Recursion विधि से बनाइये।

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक....................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय–सामाजिक विज्ञान

समय : 3 घंटे कक्षा–10 पूर्णांक : 70

निर्देश–(i) प्रश्नपत्र दो खण्डों "अ" और "ब" में विभक्त है।

(ii) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है

(खण्ड–अ इतिहास एवं नागरिक शास्त्र)

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)

प्रश्न1– औद्योगिक क्रान्ति का आरम्भ सर्व प्रथम किस देश में हुआ?

(क) भारत (ख) इंग्लैण्ड (ग) फ्रांस (घ) अमेरिका

प्रश्न2– फ्रांस की प्राचीन संसद का क्या नाम था?

(क) नेशनल असेम्बली (ख) एस्टेट्स जनरल

(ग) नेशनल कन्वेंशन (घ) डायरेक्टरी

प्रश्न3– हिटलर ने जेल में जो पुस्तक लिखी थी, उसका नाम था–

(क) मेरा संघर्ष (ख) मेरी आत्मकथा (ग) मेरा देश (घ) इनमें से कोई नही

प्रश्न4– 'पूर्ण स्वराज' की मांग कांग्रेस के किस अधिवेशन में उठाई गई?

(क) कलकत्ता (ख) मुम्बई (ग) लाहौर (घ) पेशावर

प्रश्न5– उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा निवृत्ति की निर्धारित आयु है–

(क) 62 वर्ष (ख) 65 वर्ष (ग) 67 वर्ष (घ) 70 वर्ष

प्रश्न6– दक्षेस का मुख्यालय स्थित है–

(क) काठमाण्डू (ख) ढाका (ग) नई दिल्ली (घ) कोलम्बों

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न) प्रत्येक 2 अंक

प्रश्न7– वर्साय की सन्धि कब हुई थी? इस सन्धि में सबसे अधिक कौन सा देश अपमानित हुआ था?

प्रश्न 8– योजना आयोग के स्थान पर किस आयोग का गठन किया गया है? इसके अध्यक्ष कौन हैं?

प्रश्न9– संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब और कहाँ हुई थी?

(लघुउत्तरीय प्रश्न) (प्रत्येक 3 अंक)

प्रश्न10– पुनर्जागरण की विशेषताएं लिखिए।

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न11– मुख्यमंत्री के किन्हीं दो कार्यो का वर्णन कीजिए।

अथवा

सुरक्षा परिषद के प्रमुख कार्यो का उल्लेख कीजिए।

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न) प्रत्येक 6 अंक

प्रश्न12– सन् 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के कारणों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

राजा राममोहन राय के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किये गये सामाजिक सुधारों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न13– लोक सभा अध्यक्ष के कार्यों एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए क्या अर्हताएं निर्धारित हैं? उनकी नियुक्ति कौन करता है?

(मानचित्रण) प्रत्येक 1 अंक

प्रश्न14– दिये गये प्रश्नों के उत्तर देते हुए भारत के मानचित्र में दिये गये संकेतो द्वारा प्रदर्शित कीजिए–

(क) वह स्थान जहाँ राम कृष्ण मिशन की स्थापना हुई थी। △

(ख) वह स्थान जहाँ प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी। ◉

(ग) वह स्थान जहाँ राष्ट्रपति भवन स्थित है। ●

(घ) वह स्थान जहाँ लिंगराज मन्दिर स्थित है। •

(ङ.) वह स्थान जहाँ आनन्द भवन स्थित है। ■

खण्ड– (ख) भूगोल एवं अर्थशास्त्र

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक)

प्रश्न15– कपास की खेती के लिए उत्तम मिट्टी है–

(क) जलोढ़ मिट्टी (ख) काली मिट्टी (ग) लैटेराइट मिट्टी (घ) लाल मिट्टी

प्रश्न16– हीरा कुण्ड नदी घाटी परियोजना किस नदी पर बनाई गई है–

(क) रिहन्द नदी (ख) दामोदर नदी (ग) महानदी (घ) कृष्णा नदी

प्रश्न17– कोटा परमाणु शक्ति केन्द्र स्थित है–

(क) राजस्थान में (ख) तमिलनाडु में (ग) महाराष्ट्र में (घ) उत्तर प्रदेश में

प्रश्न18– आपरेशन फ्लड सम्बन्धित है–

(क) फसल उत्पादन से (ख) मत्स्य पालन से

(ग) दुग्ध उत्पादन से (घ) चीनी उत्पादन से

प्रश्न19– भारत में योजना आयोग की स्थापना की गई–

(क) 1941 ई0 में (ख) 1950 ई0 में (ग) 1951 ई0 में (घ) 1952 ई0 में

प्रश्न20– पूँजीपति को पूँजी के त्याग के बदले दिया जाने वाला भुगतान क्या कहलाता है–

(क) ब्याज (ख) लाभ (ग) लगान (घ) वेतन

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 2 अंक)

प्रश्न21– भारत में सर्वाधिक वर्षा किस राज्य में होती है?

प्रश्न22– दो आधार भूत उद्योगों के नाम लिखिए।

प्रश्न23– ग्राम पंचायत के दो कार्य लिखिए।

लघुउत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 3 अंक)

प्रश्न24– भूकम्प से सुरक्षा हेतु प्रमुख उपायों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

विकाशशील देशों की प्रमुख समस्याएं लिखिए।

प्रश्न25– वस्तु विनिमय की प्रमुख कठिनाइयाँ क्या हैं?

अथवा

लघु एवं कुटीर उद्योगों की प्रमुख समस्याएं लिखिए।

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 6 अंक)

प्रश्न26– दक्कन के पठार का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न27– केन्द्र सरकार की आय के स्रोत कौन–कौन से हैं?

अथवा

भारत में कृषि के पिछडेपन के क्या कारण हैं? वर्णन कीजिए।

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न) प्रत्येक 1 अंक

प्रश्न28 निम्नलिखित को भारत के मानचित्र में उचित चिन्हों द्वारा प्रदर्शित कीजिए–

(क) नीलगिरि का पहाड़ियाँ चिन्ह द्वारा।

(ख) बोमडिला दर्रा चिन्ह द्वारा ।

(ग) लौह उत्पादक एक राज्य ■ चिन्ह द्वारा ।

(घ) जलोढ़ मिट्टी का क्षेत्र  चिन्ह द्वारा ।

(ङ) ब्रम्हपुत्र नदी  चिन्ह द्वारा।

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली
अर्द्ध वार्षिक परीक्षा परीक्षा 2015–16
विषय–चित्रकला

समय : 3 घंण्टे   कक्षा–10   पूर्णांक : 70

निर्देश– (i) प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है। इसमे से खण्ड 'क' अनिवार्य है। खण्ड 'ख' और 'ग' में से किसी एक खण्ड के ही प्रश्न हल करना है।
(ii) खण्ड 'क' के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक –कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है।
(iii) खण्ड 'ख' के 'स्मृति चित्रण' अथवा खण्ड ग के 'भारतीय चित्रकला ' में से किसी एक के ही उत्तर देने हैं।

खण्ड–क अनिवार्य
(प्राकृतिक दृश्य–चित्रण) 45

प्रश्न1. 20 × 15 सेंमी0 के आयत में ग्रामीण सूर्यास्त का दृश्य चित्रण कीजिए। झोपड़ियों, पहाड़ियों, पेड़ों तथा कुछ जानवरों और पक्षियों को दशाईये। चित्र में तीन जल रंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए।
चित्रांकन करते समय निम्नलिखत बातों का ध्यान रखिए–
(i) सही संरचना एवं परिप्रेक्ष्य।
(ii) संयोजन।
(iii) सुसंगत रंगो का चयन।
(iv) आकर्षक एवं सामान्य प्रभाव।

अथवा

(आलेखन) 45

एक 16 सेंमी0 भुजा वाले वर्ग के अन्तर्गत किसी भारतीय पुष्प, पत्तियों और कलियों पर आधारित एक आलेखन बनाइए और तीन जलीय रंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए।
आलेखन बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं को अवश्य ध्यान में रखिए।
(क) इकाई की मौलिकता ।
(ख) लयात्मक रेखांकन।
(ग) रंग योजना।
(घ) सामान्य प्रभाव तथा आकर्षण।

अथवा

(प्राविधिक कला) 45

निर्देश– (i) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।
(iii) रचना में निर्दिष्ट रेखाएं, रचनात्मक रेखाएं एवं अभीष्ट रेखाएं स्पष्ट दिखाइये।

(क) 2.5 सेंमी0 त्रिज्या के दो समान वृत्तों अ और ब के केन्द्र 8 सेंमी की दूरी पर स्थित है। वृत्तों पर तिर्यक सामान्य स्पर्श रेखा खींचिए। (7+8)
(ख) एक वर्ग की रचना कीजिए जिसका विकर्ण 8 सेंमी है। वर्ग के अन्तर्गत दो समान वृत्तों की रचना कीजिए जो एक दूसरे को तथा वर्ग की दो भुजाओं को स्पर्श करें। (7+8)
(ग) एक समपंचभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजा 3 सेंमी हैं। समपंचभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक त्रिभुज की रचना कीजिए। (7+8)
(घ) 10 सेंमी0 व्यास वाले वृत्त के अन्तर्गत रेखाओं और चापों पर आधारित आलेखकन बनाइये जो कमरे के केन्द्र के लिए उपयुक्त हो।
(ड.) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिसकी प्रदर्शक भिन्न R.F. $\frac{1}{40}$ दी गई है। जिसके द्वारा मीटर और डेसी मीटर की दूरी पढ़ी जा सके। मापनी पर 3 मी0 6 डेसी मीटर की दूरी अंकित कीजिए। (7+8)

खण्ड 'ख'
(स्मृति चित्रण) 25

निर्देश– प्रश्न दो भागों में विभाजित किया गया है खण्ड अ और ब। दोनों भागों का चित्रण कीजिए।

प्रश्न2(अ) दिये गये ड्राइंग कागज पर निम्नलिखित में से किसी एक छाया–प्रकाश, प्रतिच्छाया युक्त पेन्सिल से चित्र बनाइए। चित्र लगभग 15 सेंमी का हो। (12. 5)
(क) अमरूद पत्ती सहित।
(ख) मछली।
(ग) आम पत्तियों सहित।
(घ) कद्दू।

(ब) दिये गये ड्राइंग कागज पर निम्नलिखित में से किसी एक का चित्र पन्सिल से बनाइये। चित्र लगभग 15 सेंमी का हो। (12. 5)
(क) कप प्लेट
(ख) माचिस।
(ग) छाता।
(घ) बाल्टी।

अथवा

खण्ड 'ग'
(भारतीय चित्रकला)

प्रश्न3–(अ) अजन्ता गुफा की चित्रकारी का संक्षेप में वर्णन कीजिए। (15)

अथवा

प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला के प्रमुख केन्द्रों के विषय में लिखिए।

(ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर चार विकल्पों में दिये गये हैं। उनमें से सही विकल्प चुनकर अपने उत्तर पुस्तिका में क्रमानुसार लिखिए–(10)

(i) उत्तर प्रदेश में राज्य ललित कला अकादमी कहाँ है? (1)
(अ) लखनऊ (ब) कानपुर (स) इलाहाबाद (द) वाराणसी

(ii) प्राथमिक रंगों का समूह है– (1)
(अ) लाल, पीला, नारंगी (ब) पीला, लाल, नीला
(स) नारंगी, हरा, बैंगनी (द) काला, भूरा, सफेद

(iii) कौन सा रंग गर्म है? (1)
(अ) नीला (ब) आसमानी नीला (स) लाल (द) हरा

(iv) काले रंग का विरोधी रंगा कौन है? (1)
(अ) लाल (ब) सफेद (स) पीला (द) हरा

(v) प्रागैतिहासिक चित्रकला का विषय क्या है? (1)
(अ) भक्ति (ब) घरेलू (स) शिकार (द) दरबारी

(vi) समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण होता है। (1)
(अ) 60^0 (ब) 45^0 (स) 30^0 (द) 15^0

(vii) एक बिंदु पर बने सभी कोणों का योग होता है? (1)
(अ) 180^0 (ब) 90^0 (स) 60^0 (द) 360^0

(viii) कौन सी पेन्सिल से बनी रेखाएं अधिक काली होती हैं? (1)
(अ) एच (H) (ब) बी6 (B_6)
(स) एच बी (HB) (द) एच2 (H_2)

(ix) लाल और नीला मिलने से कौन सा रंग बनता है? (1)
(अ) हरा (ब) भूरा (स) नारंगी (द) बैंगनी

(x) चित्रकला से सम्बन्धित ग्रंथ का नाम है– (1)
(अ) मेघदूत (ब) रामायण (स) गीता (द) हेरिटेज ऑफ अजन्ता।

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय–हिन्दी

समय : 3 घंटे कक्षा–10 पूर्णांक : 70

निर्देश– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न1(क)– निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सत्य है सत्य कथन पहचान कर लिखिए– (1)

(i) "जनमेजय का नागयज्ञ" बाबू गुलाब राय का प्रसिद्ध नाटक है।
(ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल एक महान कवि थे।
(iii) 'चलो चाँद पर चलें' जय प्रकाश भारती की रचना है।
(iv) ''गुनाहों का देवता'' धर्मवीर भारती का आलोचना ग्रन्थ है।

(ख)– निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक कृति के लेखक का नाम लिखिए– (1)

(i) स्मृति की रेखाएं (ii) करूणालय
(iii) अपनी खबर (iv) क्या भूलूं क्या याद करूं

(ग) शुक्ल युग की समय–सीमा बताइए। (1)

(घ) शुक्लोत्तर युग की दो पत्रिकाएं लिखिए। (1)

(ड.) 'आकाश दीप' कृति किस विद्या पर आधारित रचना है? (1)

प्रश्न2(क)– द्विवेदी युग के दो महाकाव्यों के नाम लिखिए। (2)

(ख) प्रगतिवादी युग की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (2)

(ग) 'धनुष भंग' शीर्षक श्री रामचरित मानस के किस काण्ड से लिया गया है। (1)

प्रश्न3– निम्नांकित गद्याँशों में से किसी एक के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (2+2+2=6)

(क) हिन्दी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है। उसके निर्माता यह समझ रहें हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है। पर कुछ समय के बाद उनका <u>यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जायेगा</u> और आज जो तरूण हैं, वहीं वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे। उनके स्थान पर तरूणों का फिर दूसरा दल आ जायेगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा। <u>दोनों के स्वप्न सुखद होते हैं, क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं।</u>

(अ) उपर्युक्त गद्याँश का संदर्भ लिखिए।
(ब) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।
(स) आज के तरूण कल वृद्ध होकर क्या स्वप्न देखेंगे?

(ख) कितना जीवन बरस पड़ा है इन दीवारों पर जैसे फसाने अजायब का भण्डार खुल पड़ा हो। कहानी–से कहानी टकराती चली गयी है। बन्दरों की कहानी, हाथियों की कहानी, हिरनों की कहानी। <u>कहानी क्रूरता और भय की, दया और त्याग की</u>। जहाँ बेरहमी है वहीं दया का भी समुद्र उमड़ पड़ा है, जहाँ पाप है वहीं क्षमा का सोता फूट पडा है। <u>राजा और कंगले विलासी और भिक्षु, नर और नारी, मनुष्य और पशु सभी कलाकारों के हाथों सिरजते चले गये हैं</u>। हैवान की हैवानी को इन्सान की इन्सानियत से कैसे जीता जा सकता है, कोई अजन्ता में जाकर देखे।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ब) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।
(स) अजन्ता में किन–किन कहानियों से सम्बन्धित चित्र हैं?

प्रश्न4– निम्नलिखित पद्याँशों में से किसी एक की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए तथा उसका काव्य सौन्दर्य भी लिखिए– (1+4+1=6)

(क) धूरि भरे अति सोभित स्यामजू, तैसी बनी सिर सुंदर चोटी।
खेलत खात फिरैं अँगना, पग पैंजनी बाजति पीरी कछोटी।।
वा छबि कौं रसखानि बिलोकत, बारत काम कला निज कोटी।
काग के भाग बड़े सजनी हरि–हाथ सों लै गयौ माखन –रोटी।।

(ख) सच्चा प्रेम वही है जिसकी–
तृप्ति आत्म–बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर।।
देश–प्रेम वह पुण्य–क्षेत्र है,
अमल असीम, त्याग से विलसति।
आत्मा के विकास से जिसमें,
मनुष्यता होती है विलसित।।

प्रश्न5–(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय दीजिए एवं उनकी कोई रचनाओं के नाम लिखिए– (3)

(i) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (ii) जय शंकर प्रसाद(iii) रामधारी सिंह दिनकर

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय दीजिए और उनकी रचनाओं के नाम लिखिए– (3)

(i) सूरदास (ii) बिहारीलाल (iii) सुमित्रानन्दन पंत

प्रश्न6– निम्नलिखित का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (1+3=4)

एषा नगरी भारतीयसंस्कृते संस्कृत भाषायाश्च केन्द्रस्थली अस्ति। इत एव संस्कृतवाङ्.मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः। मुगल युवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय–दर्शन–शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत्। स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसी–भाषायां कारितः।

अथवा

कोकिलः यापय दिवसान् तावद् विरसान् करीलविटपेषु।
यावन्मिलदलिमालः कोऽपि रसालः समुल्लसति।।

प्रश्न7 (क)– सुपाठ्य–पुस्तक के 'संस्कृत खण्ड' से कण्ठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न प्रत्र में न आया हो। (2)

(ख)– निम्नलिखत में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए। (2)

(i) वाराणसी नगरी कस्याः कूले स्थिता?
(ii) पुरूराजः कः आसीत्?
(iii) अमुखोऽपि कः स्फुटवक्ता भवति?
(iv) विद्या केन वर्धते?

प्रश्न8 (क)– हास्य रस अथवा करूण रस की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।(2)

(ख)– उपमा अथवा रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

(ग)– रोला अथवा सोरठा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

प्रश्न9–(क) निम्नलिखित उपसर्गो में से किन्हीं तीन के मेल से एक–एक शब्द बनाइए– (3)

(i) अप (ii) निर् (iii) अन (iv) सु (v) अ (vi) उप

(ख) निम्नलिखित प्रत्ययों में से किन्हीं दो का प्रयोग करते हुए प्रत्येक से एक–एक शब्द बनाइए। (2)

(i) आई (ii) त्व (iii) पन (iv) वट (iv) हट

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो समस्त पदों में समास – विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए– (2)

(i) दूध–दही (ii) नवरत्न (iii) नील कमल (iv) चन्द्रशेखर (v) दशानन

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के तत्सम रूप लिखिए– (2)

(i) कपूर (ii) सुनार (iii) दही (iv) कान (v) घी

(ङ.) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– (2)

(i) कमल (ii) आकाश (iii) अग्नि (iv) गाय (v) अमृत

प्रश्न10– (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में सन्धि कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिए– (2)

(i) तथा + एव (ii) पितृः + आदेशः (iii) इति + आदि

(iv) महा + ओजः (v) वन + औषधम्

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति बहु वचन में लिखिए– (2)

(i) नदी अथवा मति (ii) तद् (स्त्रीलिंग) अथवा फल

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की धातु, लकार, पुरूष तथा वचन का उल्लेख कीजिए। (2)

(i) हसतु (ii) पठामि (iii) पचेयुः

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए – (2)

(i) गंगा हिमालय से निकलती है। (ii) आदेश दे सम्राट।

(iii) वाराणसी में मरना मंगलमय होता है।

(iv) चन्द्रशेखर चतुर व निर्भीक राष्ट्रभक्त थे।

प्रश्न11– निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– (6)

(i) पर्यावरण एवं मानव जीवन। (ii) भ्रष्टाचार उन्मूलन।

(iii) प्राकृतिक आपदा प्रबन्धन। (iv) विज्ञान के बढ़ते कदम।

प्रश्न12–निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– (3)

(i) 'कर्मवीर भरत' खण्ड काव्य के तृतीय सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) खण्ड काव्य के आधार पर 'कैकेयी' का चरित्र–चित्रण कीजिए।

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय– विज्ञान

समय : 3 घण्टे   कक्षा–10   पूर्णांक : 70

नोट– इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड क, ख, और ग हैं। प्रत्येक प्रश्न को दिये गये निर्देशानुसार हल करें।

(खण्ड–क) भौतिक विज्ञान

प्रश्न–1 प्रत्येक खण्ड के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (प्रत्येक 1 अंक)

(क) समतल दर्पण के सामने एक वस्तु 10 सेंमी की दूरी पर रखी है, दर्पण से प्रतिबिम्ब की दूरी होगी–
(i) 5 सेंमी (ii) 10 सेंमी (iii) 20 सेंमी (iv) 0 सेंमी

(ख) काँच का अपवर्तनाँक अधिकतम होता है–
(i) हरे रंग के लिये (ii) नीले रंग के लिए
(iii) लाल रंग के लिए (iv) पीले रंग के लिए

(ग) उत्तल लेंस की क्षमता 2 डायोप्टर है, इसकी फोकस दूरी होगी–
(i) 20 सेंमी (ii) 50 सेंमी (iii) 40 सेंमी (iv) 100 सेंमी

(घ) वैद्युत आवेश का मात्रक है–
(i) जूल (ii) कूलॉम (iii) वोल्ट (iv) एम्पियर

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

प्र0–2 सभी खण्ड कीजिए – (प्रत्येक 2 अंक)

(क) चुम्बकीय फ्लक्स की परिभाषा एवं मात्रक लिखिए।

(ख) एक इले0 5×10^5 m/sec के वेग से 2×10^4 N/A.m के चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत् गतिमान है, इले0 पर आरोपित चुम्बकीय बल ज्ञात कीजिए।

(ग) दिये गये वैद्युत परिपथ में A व B के बीच तुल्य प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।



(लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्र0–3 सभी खण्ड कीजिए– (प्रत्येक 4 अंक)

(क) रेखीय आर्वधन क्या है? किसी गोलीय दर्पण के लिए प्राप्त कीजिए $m = \frac{-v}{u}$

(ख) प्रिज्म कोण 60° एवं अल्पतमांक विचलन कोण 38° है। प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक ज्ञात कीजिए।

अथवा

निर्वात ताप–दीप्त बल्ब की अपेक्षा निष्क्रिय गैस भरे बल्ब अधिक उपयोगी होते हैं, क्यों?

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्र0–4 बायो–सेवर्ट नियम क्या है? अनन्त लम्बाई के धारावाही चालक के कारण उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता के लिए सूत्र प्राप्त कीजिए। (7 अंक)

अथवा

वैद्युत जेनरेटर क्या है? दिष्ट धारा जेनरेटर का सिद्धान्त एवं कार्य को सचित्र समझाइये।

(खण्ड–ख) रसायन विज्ञान (20)

नोट– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्र01– इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड में चार विकल्प दिए गये हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–

(क) 10^{-6} MHCl विलयन का pH मान है– (1)
(i) 7 (ii) 6 (iii) –6 (iv) 0

(ख) एण्टीमनी है– (1)
(i) धातु (ii) अधातु (iii) उपधातु (iv) अक्रिय गैस

(ग) ब्यूटेनोन में क्रियात्मक समूह है– (1)
(i) – CO – (ii) – CHO (iii) –COOH (iv) – OH

प्र02–(क) संकर लवण को उदहरण सहित परिभाषित कीजिए। (2)

(ख) निम्नलिखित यौगिकों के IUPAC नाम लिखिए– (2)
(i) $H-\underset{\underset{O}{\parallel}}{C}-H$ (ii) CH_3CONH_2

(ग) एक गैस (A) निम्न अभिक्रियाएं देती है– (2)
(i) इसका जलीय विलयन लाल लिटमस को नीला करता है।
(ii) यह गैस (A), Cl_2 के आधिक्य के साथ क्रिया करके विस्फोटक पदार्थ बनाती है। गैस (A) को पहचानिए तथा रासायनिक समीकरण दीजिए।

प्र03– निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए– (4)
(i) विकर्ण सम्बन्ध (ii) प्रतिरूपी तत्व

अथवा

कापर पाइराइट अयस्क की भर्जन तथा प्रगलन क्रिया का वर्णन कीजिए।

प्र04– निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए– (7)
(i) सजातीय श्रेणी (ii) साबुनीकरण (iii) एस्टरीकरण (v) श्मिट अभिक्रिया

अथवा

एथिलीन गैस के निर्माण की प्रयोगशाला विधि का सचित्र वर्णन कीजिए तथा इसकी निम्नलिखित से अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए–
(i) HOCl (ii) O_3 (iii) बॉयर अभिकर्मक (v) सल्फर मोनो क्लोराइड

(खण्ड–ग) जीव विज्ञान (25)

नोट– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्र01– सही विकल्प को चुनिये–

(क) मानव आनुवंशिकी के जनक हैं– (1)
(i) गाल्टन (ii) मेण्डल (iii) डर्विन (iv) लैमार्क

(ख) निषेचन के बाद पुष्प का कौन सा भाग फल में बदल जाता है– (1)
(i) पुंकेसर (ii) वर्तिका (iii) बीजाण्ड (iv) अण्डाशय

(ग) जल में घुलनशील विटामिन्स है– (1)
(i) A, D, E, K (ii) A, B (iii) A, B, C, D (iv) B, C

(घ) मनुष्य के मस्तिष्क का कौन सा भाग सर्वाधिक विकसित होता है– (1)
(i) सेरीब्रम (ii) सेरीबेलम (iii) डाइनसिफेलॉन (iv) हाइपोथैलेमस

प्र02–अतिलघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
(क) जीन कहाँ पाये जाते हैं? (2)
(ख) DNA फिंगर प्रिन्टिंग की खोज किसने की थी? (2)
(ग) जैव प्रौद्योगिकी क्या है? (2)

प्र03– लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
(क) यदि रक्त से लाल रूधिर कणिकाओं को हटा दिया जाए तो क्या होगा? (4)
(ख) मेण्डल के द्वितीय नियम को उदाहरण सहित समझाइये। (4)

अथवा

पुष्प की संरचना का नामांकित चित्र बनाइये।

प्र04– दीर्घ उत्तरीय प्रश्न का उत्तर दीजिए'
पीयूष ग्रन्थि को मास्टर ग्रन्थि क्यों कहते हैं? शरीर में यह कहाँ स्थित होती है? इस ग्रन्थि द्वारा स्रावित किन्हीं दो हामोन्स के नाम तथा कार्य लिखिए। (7)

अथवा

डार्विन के प्राकृतिक वरणवाद को उदाहरण सहित समझाइये।

Name---------------- Roll No.----------- Sign. of Invigilator-----------

New Standard Public School, Raebareli
Half Yearly Examination-2015-16
Subject-English

Time: 3Hrs. **Class- 10** **MM: 70**

Note:-(i) This question paper is divided into two Sections A and B.
(ii) All questions are compulsory.

[Section-A]

Q.1- Read the following passage and answer the questions given below it. **(2x2=4)**

The Ganga especially is the river of India, beloved of her people, round which are intertwined her racial memories, her hopes and fears, her songs of triumph, her victories and her defeats. She has been a symbol of India's age- long culture and civilization, ever- changing, ever flowing and yet ever the same Ganga.

(i) What does the Ganga symbolize?
(ii) Which words in the passage mean:
(a) Victory (b) Mixed intimately.

Q.2- Answer one of the following questions in about 60 words. **(4)**

(i) How did the Yaksha reward Yudhishthira?
(ii) Who was socrates and what were his teachings?

Q.3- Answer any two of the following questions in about 25 words: **(2+2=4)**

(i) What did the old merchant, do all his life?
(ii) Why did Lencho write a letter to God?
(iii) Who is the creator of the universe? What has he created?

Q.4- Match the words of list 'A' with their meaning in list 'B' : **(1×4=4)**

List 'A'	List 'B'
Homage	dishonest
Argue	secret
Crooks	express sorrow
Mystry	to discuss with reasoning

Q.5- Read the following piece of poetry and answer the questions given below it . **(2+2=4)**

Into the moon light
Whiter than snow,
Waving so flower like,
When the winds blow.

(i) What colour is the fountain in the moon light?
(ii) Give the title of the poem from which the above noted lines have been selected.

Q.6- Write the Central idea of one of the following poems. **(3)**

(i) The Perfect Life (ii) The Nation Builder.

Or

Write four lines from any one of the poems given in your text book. (Don't copy out the lines given in this question paper)

Q.7- Answer any two of the following questions in about 25 words each **(2+2=4)**

(i) What is important in Olympic Games?
(ii) What was Hitler's "Master Race". Theory.
(iii) Why wa Edison taken out of School?

Q.8- Point out the 'True and the False' statements in the following:- **(1×4=4)**

(i) Pierre die coubertin was the founder Modern Olympic Games.
(ii) The President of America invited Edison to the White House.
(iii) Vikramdiyta was never decieved. He always punished the guilty man.
(iv) Jesse Owens was a German.

Q.9 - Select the most suitable alternative to complete the following statements. **(1×4=4)**

(i) When Edison tried his experiment on his servant girl:
(a) She began to fly (b) She began to tremble
(c) She fell ill (d) She began to cry

(ii) The essential thing in life is:
(a) Fighting well (b) Conguering
(c) Earning money (d) go by dictates

(iii) King Vikramaditya is famous for his:
(a) honesty (b) wisdom (c) justice (d) Love for his subjects

(iv) Electric lights shone for the first time in America in:
(a) 1878 (b) 1880 (c) 1882 (d) 1884

(Sentence- B)

Q.10- Do as indicated against each of the following sentences:

(i) Frame a correct sentence by reordering the words: **(2)**
has my book taken who?

(ii) Change into passive voice: **(2)**
They are playing cricket.

(iii) Change into indirect speech: **(2)**
Ketki said to me, " What are you doing"?

(iv) Complete the following sentence by using correct form of the verb: **(2)**
Gandhiji was __________dead in 1948. (Shoot)

Q.11- (i) Choose the correct preposition form the ones given within bracket to fill in the blank: **(2)**
He is good _________Mathematics. (in /at)

(ii) Complete the following sentence: **(2)**
Work hard if _____________.

(iii) Complete the spellings of the following words: **(2)**
(a) P____a___e___ (b) n__ ___ther.

(iv) Punctuate the following sentence: **(2)**
he said to his teacher I can not write english.

Q.12- Translate the following into English. **(4)**

इलाहाबद एक प्रसिद्ध नगर है। यह एक बड़ा तीर्थ स्थान है। आप जानते हैं कि यहाँ गंगा, यमुना नदियों का संगम है। हर धार्मिक प्रवत्रि का हिन्दू संगम पर स्नान पर करना चाहता है।

Q.13- Write an application to the Principal of your school requesting him to change your subjects. (Do not write your name) (6)

Or

Write a letter to your mother telling her that winter has set in and that you need a new coat.

Q.14- Write a composition on one of the following topics in about 60 words. Points are given below for each topic to develop the composition. (6)

(a) My Mother:

(i) Introduction (ii) Her dress and behaviour

(iii) Her qualities (iv) Her daily life.

(v) Why do you love her most?

(b) My Best Friend:

(i) Introduction (ii) His/Her dress and habits

(iii) His/Her behaviour (iv) His/Her hobbies

(c) Population:

(i) Introduction (ii) Air pollution

(ii) Water pollution (iv) Noise pollution

(v) How to flight pollution (vi) Conclusion

Q.15- Read the passage carefully and answer the questions.

Mother Teresa was a great lady. She is known all over the world. She helped the poor and the needy. She served the sick and the homeless. She was born in August, 1910 in Yugoslavia but she made India her home and lived in Kolkata. She started a home for the orphans. She named it "Nirmal Hridaya."

She looked after the sick, poor and downtrodden. She even up home for lepers who shunned by even their own families. She was awarded the Noble Peace Prize. She was given the "Bharat Ratna" also.

(i) Which awards were given to her? (3)

(ii) Why did she serve the sick and the homeless? (3)

प्र0–3 निम्नलिखित लघु उततरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 4 अंक)

(क) किसान विकास पत्र से आप क्या समझते हैं?

(ख) कठोर जल और मृदु जल में अन्तर लिखिए।

(ग) घर पर वस्त्र सिलने से क्या लाभ है?

(घ) अतिसार के कारण , लक्षण व उपचार लिखिए।

(ड.) स्पंज करना किसे कहते हैं? रोगी को स्पंज कब किया जाता है?

(च) प्राकृतिक तथा कृत्रिम श्वसन क्रियाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–4 निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 6 अंक)

(क) एक साधारण स्वस्थ व्यक्ति और रोगी व्यक्ति के भोजन में क्या अन्तर है? रोगी को भोजन देते समय किन–किन बातों को ध्यान में रखेंगी?

अथवा

मेरूदण्ड की रचना व कार्यों का वर्णन कीजिए।

(ख) शुष्क धुलाई से आप क्या समझते हैं? शुष्क धुलाई के लाभ एवं हानियां स्पष्ट कीजिए।

अथवा

घर की आन्तरिक सज्जा के क्या सिद्धान्त हैं?

(ग) वयस्क पुरूष के लिए पाजाम बनाने की विधि का वर्णन कीजिए।

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय– गृहविज्ञान (अनिवार्य)

समय : 3 घण्टे कक्षा–10 पूर्णांक : 70

नोट– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्न–1 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों सही विकल्प चुनकर लिखिए– (प्रत्येक 1 अंक)

(क) नील का प्रयोग किन वस्त्रों के लिए किया जाता है–
(i) रेशमी वस्त्र (ii) ऊनी वस्त्र (iii) रंगीन वस्त्र (iv) सफेद वस्त्र

(ख) हड्डियों में कड़ापन किस तत्व के कारण होता है–
(i) लौह तत्व (ii) सोडियम (iii) मैग्नीशियम (iv) कैल्शियम

(ग) एक सामान्य स्वस्थ व्यक्ति के शरीर का तापमान होता है–
(i) 94^{0}फारेनहाइट (ii) 96^{0}फारेनहाइट(iii)99^{0}फारेनहाइट(iv)98.4^{0} फारेनहाइट

(घ) पर्यावरण दिवस किस दिन मनाते हैं?
(i) 1 जून (ii) 5 जून (iii) 12 जून (iv) 18 जून

(ड.) किस प्रकार के वस्त्र में गोंद का कलफ लगाया जाता है?
(i) कृत्रिम (ii) रेशमी (iii) ऊनी (iv) सूती

(च) कब्ज के रोगी का आहार है–
(i) नरम व तरल आहार (ii) रेशे–युक्त आहार
(iii) ठोस आहार (iv) इनमें से कोई नही

(छ) नेत्रों के लिए कौन सा पोषक तत्व आवश्यक है–
(i) कैल्शियम (ii) विटामिन बी (iii) ग्लूकोज (iv) विटामिन ए

(ज) सरकारी कर्मचारी को सेवा निवृत्ति के उपरान्त प्राप्त होता है–
(i) वेतन (ii) पेंशन (iii) बोनस (iv) इनमें से कोई नही

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

प्र0–2 निम्नलिखित अतिलघु उततरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 2 अंक)

(क) पारिवारिक बजट की परिभाषा लिखिए।

(ख) आसुत जल किसे कहते हैं?

(ग) पैर की हड्डी टूटने पर रोगी का स्थानान्तरण की दो विधियाँ लिखिए।

(घ) पुल्टिस बनाने में उपयोग आने वाली वस्तुओं के नाम लिखिए।

(ड.) नवजात शिशु की नाड़ी की गति कितनी होती है?

(च) 1 किलो दाल का दाम 65 रू0 है तो 5 किलो दाल का दाम कितना होगा?

(छ) रोग के उद्भवन काल का क्या अर्थ है?

(ज) डी0पी0टी0 का टीका किन रोगों से बचाव के लिए लगाया जाता है?

(झ) निर्जलीकरण से क्या तात्पर्य है?

(ञ) पर्यावरण की रक्षा व प्राकृतिक सन्तुलन बनाए रखने में आपका क्या योगदान है?

नाम .... रोल नं0 .... हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक...................

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, रायबरेली

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2015–16

विषय– गृहविज्ञान (वैकल्पिक)

कक्षा–10

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 70

नोट– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्न–1 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों सही विकल्प चुनकर लिखिए– (प्रत्येक 1 अंक)

(क) मानव में ग्रीवा कशेरूकाओं की संख्या है–
(i) 5 (ii) 6 (iii) 7 (iv) 8

(ख) नाड़ी की गति प्रति मिनट होती है–
(i) 72–80 (ii) 77–85 (iii) 80–90 (iv) 90–100

(ग) फूलों को अधिक समय तक ताजा बनाए रखने के लिए फूलदान को पानी में क्या डालना चाहिए?
(i) सोडा (ii) नमक (iii) साबुन (iv) तेल

(घ) संचायिका बचत खाता किसके लिए लाभप्रद है?
(i) गृहिणी के लिए (ii) वृद्धों के लिए
(iii) स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए (iv) नौकरी पेशे वालों के लिए

(ड.) किसी शुभ अवसर पर दिया जाने वाला चेक कौन सा चेक कहलता है?
(i) ट्रैवलर्स चेक (ii) क्रॉस्ड चेक (iii) उपहार चेक (iv) आर्डर चेक

(च) बर्फ की टोपी का प्रयोग होता है–
(i) तीव्र ज्वर पर (ii) विष खाने पर
(iii) ठंड लगने पर (iv) हड्डी टूटने पर

(छ) प्रश्वसन की वायु संरचना में आक्सीजन की मात्रा कितनी होती है?
(i) 25% (ii) 18% (iii) 16% (iv) 20.4%

(ज) लू लगने पर रोगी को निम्न आहार देना चाहिए–
(i) पुदीने का पानी (ii) बर्ले वाटर (iii) फलों का रस (iv) शिकंजी

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

प्र0–2 निम्नलिखित अतिलघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 2 अंक)

(क) जीवन रक्षक घोल किस रोगी को दिया जाता है?
(ख) भोजन विषाक्ता से क्या तात्पर्य है?
(ग) ध्वनि प्रदूषण क्या है?
(घ) भविष्य निधि योजना में वेतन का कितना प्रतिशत कटता है?
(ड.) वैक्यूम क्लीनर किस काम आता है?
(च) पुष्प व्यवस्था की जापानी शैली को क्या कहते हैं?
(छ) गन्धक का झरना कहाँ पाया जाता है?
(ज) नगरों में टंकियों में एकत्रित पानी को शुद्ध करने के लिए कौन सी दवाई डालते हैं?
(झ) गरम सेंक कब दी जाती है?
(ञ) स्पष्ट कीजिए कि गृह सज्जा के लिए धन की अधिकता अनिवार्य शर्त नही है?

प्र0–3 निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 4 अंक)

(क) मानव शरीर में अस्थियों की उपयोगिता लिखिए।
(ख) भोजन परोसते समय ध्यान रखने योग्य बातों को स्पष्ट कीजिए।
(ग) काली खाँशी के लक्षण व रोकथाम के उपाय लिखिए।
(घ) 4% वार्षिक ब्याज की दर से 500 रूपये का दो वर्षों का साधारण ब्याज क्या होगा?
(ड.) शुद्ध जल और अशुद्ध जल मे क्या अन्तर है?
(च) सन्तुलित बजट से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न–4 निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्रत्येक 6 अंक)

(क) बजट बनाने में ऐन्जिल के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए।

अथवा

अस्थि सन्धि से आप क्या समझते हैं? सन्धियाँ कितने प्रकार की होती हैं? वर्णन कीजिए।

(ख) फेफड़ों की रचना एवं कार्यो का वर्णन कीजिए।

अथवा

घर पर वस्त्र धोने से क्या लाभ हैं? वस्त्रों को धोने से पहले क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए?

(ग) एक 18 वर्षीय युवती के लिए पेटीकोट की नाप लिखिए और पेटीकोट की ड्राफ्टिंग तैयार कीजिए।